अति आवश्यक

# कार्यालय निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक:शिविरा/प्रारं/शैक्षिक/एबी/सीएम निर्देश/16–17/31 दिनांक: 6/7/17

उपनिदेशक
प्रारंभिक शिक्षा,
समस्त

**विषय –राजकीय विद्यालय में दर्पण (Mirror), ग्रीन बोर्ड तथा कार्मिकों का फोटोयुक्त शैक्षिक व संस्थापन विवरण लगाने के संबध में।**
**प्रसंग– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 23.12.16, 22.02.17 व 02.05.17 के क्रम में।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख हैं कि स्कूल शिक्षण में गुणात्मक सुधार करने हेतु किये जा रहे नवाचारों के संबंध में 5 दिसम्बर 2016 को शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह में माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा विद्यालयों के सुदृढीकरण एवं विकास हेतु राजकीय विद्यालयों में विद्यालय भवन के प्रवेश कॉरीडोर में उपयुक्त स्थान पर दर्पण लगाने तथा विद्यालय परिसर में नोटिस बोर्ड पर कार्यरत कार्मिकों के शैक्षणिक एवं स्थापन्न विवरण फोटो सहित लगाने एवं सभी कक्षा में ग्रीन बोर्ड लगाने के निर्देश प्रदान किये गये। उक्त तीनों बिन्दुओं की **25.10.2016** से पूर्व पालना कर प्रमाण–पत्र भिजवाने हेतु शासन स्तर से निर्देश जारी किये गये थे।

आपके माध्यम से वर्तमान तक प्राप्त सूचना के अनुसार समस्त राजकीय विद्यालय में उक्त दिशा निर्देशों की पूर्ण पालना नहीं हुई है। अतः आपको निर्देशित किया जाता हैं कि आपके अधिनस्थ समस्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा को उक्त दिशा निर्देशों की पालना करने हेतु पाबन्द करे व **15 जुलाई 2017** तक समस्त राजकीय विद्यालय में उक्त दिशा निर्देशों की पूर्ण पालना करवाये जाने की व्यवस्था करे। उक्त दिनांक तक पालना नहीं होने पर संबंधित के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

6.7.17

अतिरिक्त निदेशक (शैक्षिक)
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com